# सीकर ज़िले में यूरेनियम खनन परियोजना


## चर्चा में क्यों?

हाल ही में राजस्थान **विधानसभा** में अपने संबोधन में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने **सीकर ज़िले की** खंडेला तहसील में **यूरेनियम खनन परियोजना का विवरण प्रस्तुत किया।**

## मुख्य बिंदु

### यूरेनियम खनन परियोजना के बारे में:

- **निवेश: यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (UCIL**) इस खनन परियोजना में लगभग **3,000 करोड़ रुपये** का निवेश करेगी।
- **रोजगार:** इस परियोजना का उद्देश्य स्थानीय रोजगार दर में सुधार और क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना है।
- इससे **1,623 प्रत्यक्ष रोजगार** सृजित होने की संभावना है, जिनमें से **80 प्रतिशत पद स्थानीय निवासियों** के लिये आरक्षित होंगे।
- **सहयोग: यह परियोजना एटॉमिक माइनरल्स डायरेक्टरेट फॉर एक्सप्लोरेशन एंड रिसर्च (AMD) और** परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) **के सहयोग से संचालित की जा रही है।**
- ये संगठन पहले से ही इस क्षेत्र में **अन्वेषणात्मक खनन** कर रहे हैं, जिसमें डिक्लाइन माइनिंग (ढलान खनन) और संबंधित कार्य शामिल हैं।




Uranium Deposits in India

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uranium-mining-project-in-sikar-district